


Chapter
# 20
# उपसहसंयोजक रसायन

सभी संक्रमण तत्व संकुल आयन बनाने का विशिष्ट गुण प्रदर्शित करते हैं। यौगिक जिनमें संकुल आयन उपस्थित होते हैं उपसहसंयोजक यौगिक कहलाते हैं। रसायन की वह शाखा जिसमें उपसहसंयोजक यौगिकों का अध्ययन किया जाता है, उपसहसंयोजक रसायन कहलाती है।

## द्विकलवण तथा उपसहसंयोजक यौगिक
**(Double salts and co-ordination compounds)**

जब दो या दो से अधिक स्थायी लवणों के एक रससमीकरणमिती (सरल आण्विक) अनुपात से युक्त विलयन को वाष्पित किया जाता है या साधारण रुप से मिश्रित किया जाता है, तो नये क्रिस्टलीय यौगिक, जो आण्विक या योगात्मक यौगिक कहलाते हैं, बनते हैं। ये दो प्रकार के होते हैं,

(1) द्विकलवण, (2) उपसहसंयोजक या संकुल यौगिक

(1) **द्विकलवण या जालक यौगिक** (Double salts) : योगात्मक यौगिक ठोस अवस्था में स्थाई होते हैं। जल में ये अपने पृथक-पृथक आयनों में टूट जाते हैं। इस प्रकार इनके विलयन इनके अवयवों के विलयनों के मिश्रण के समान व्यक्तिगत गुण प्रदर्शित करते हैं। उदाहरण :

| द्विकलवण | आयन के लिए उत्तरदायी परीक्षण |
|---|---|
| कार्नेलाइट : $KCl.\ MgCl_2 6H_2O$ | $K^+,\ Mg^{2+}, Cl^-$ |
| पोटाश एलम : $K_2SO_4 . Al_2(SO_4)_3\ 24H_2O$ | $K^+, Al^{3+}, SO_4^{2-}$ |

(2) **उपसहसंयोजक या संकुल यौगिक** (Co-ordination or complex compounds): योगात्मक यौगिक ठोस अवस्था में स्थाई होते हैं। विलयन में अपनी पहचान बनाए रखते हैं। केन्द्रीय धातु आयन चारों ओर से घिरी हुई प्रजाति (लिगेण्ड) के साथ उपसहसंयोजक बन्ध बनाते हैं। इनके विलयनों के गुण इनके अवयवों के गुणों से भिन्न होते हैं। उदाहरण :

| संकुल यौगिक | धनायन | ऋणायन |
|---|---|---|
| $[Cu(NH_3)_4]SO_4$ | $[Cu(NH_3)_4]^{+2}$ | $SO_4^{2-}$ |
| $K_2[PtF_6]$ | $2K^+$ | $[PtF_6]^{2-}$ |
| $[Co(NH_3)_6][Cr(CN_3)_6]$ | $[Co(NH_3)_6]^{2+}$ | $[Cr(CN)_6]^{3-}$ |

## उपसहसंयोजक यौगिकों की शब्दावली
**(Terminology of co-ordination compounds)**

(1) **केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन** (Central metal atom or ion) : एक संकुल आयन में धातु परमाणु या आयन होता है जिसे केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन कहते हैं। इसे कभी-कभी नाभिक परमाणु भी कहते हैं।

(2) **संकुल आयन** (Complex ion) : यह एक विद्युत आवेशित मूलक है जो साधारण धनायन के एक या अधिक उदासीन अणुओं के साथ या साधारण ऋणायन के साथ या कुछ प्रकरणों में धनात्मक समूहों के साथ संयोग से बनता है।

(3) **लिगेण्ड** (Ligands) : उदासीन अणु या आयन जो केन्द्रीय धातु आयन से जुडें होते हैं लिगेण्ड कहलाते हैं। दाता परमाणु जो लिगेण्ड से जुडा होता है केन्द्रीय धातु परमाणु (दाता बन्ध बनाता) को इलेक्ट्रॉनों के एक या दो या अधिक युग्म दे सकता है। ये लिगेण्ड एकदन्ती (एक दाता परमाणु), द्विदन्ती (दो दाता परमाणु), त्रिदन्ती (तीन दाता परमाणु) आदि होते हैं।

***एकदन्ती लिगेण्ड*** (Mnodentate ligands)(एक दाता पक्ष के साथ)

**सारणी : 20.1 ऋणात्मक एकदन्ती लिगेण्ड** (Negative ligand)

| सूत्र | नाम | सूत्र | नाम |
|---|---|---|---|
| $X^-$ | हैलो | $O_2^{2-}$ | परॉक्सो |
| $:OH^-$ | हाइड्रॉक्सो | $CH_3COO^-$ | एसीटेटो |
| $CN^-$ | सायनों | $NO_3^-$ | नाइट्रेटो |
| $O^{2-}$ | ऑक्सो | $S_2O_3^{2-}$ | थायोसल्फेटों |
| $NH_2^-$ | एमाइडों | $NO_2^-$ | नाइट्राईटों |
| $S^{2-}$ | सल्फाइडों | $CO_3^{2-}$ | कार्बोनेटों |
| $CNS^-$ | थायोसायनेटों | $SO_4^{2-}$ | सल्फेटों |

**सारणी : 20.2 उदासीन लिगेण्ड** (Neutral ligands)

| सूत्र | नाम | सूत्र | नाम |
|---|---|---|---|
| $CO$ | कार्बोनिल | $:NH_3$ | एमीनेटों |
| $PH_3$ | फॉस्फीन | $H_2O$ | एक्वा |
| $NO$ | नाइट्रोसिल | $C_5H_5N:$ | पिरिडीन (py) |

**सारणी : 20.3 धनात्मक लिगेण्ड** (Cationic ligands)

| सूत्र | नाम | सूत्र | नाम |
|---|---|---|---|
| $NO_2^+$ | नाइट्रोनियम | $NO^+$ | नाइट्रोसोनियम |
| $H_2NNH_3^+$ | हाइड्रेजीनियम | | |

**बहुदन्ती लिगेण्ड** (दो यो अधिक दाता पक्ष के साथ)

**सारणी : 20.4 द्विदन्ती** (Bidentate) (दो दाता पक्ष के साथ)

| सूत्र | नाम | सूत्र | नाम |
|---|---|---|---|
| $H_2NCH_2CH_2NH_2$ | एथिलीनडाईएमीन (en) | $Me-C=NO^-$ <br> $\vert$ <br> $Me-C=NOH$ | डाईमेथिल ग्लाइऑक्जीमेटो (dmg) |
| $^-O-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-\overset{O}{\overset{\Vert}{C}}-O^-$ | ऑक्जेलेटो (ox) | $NH_2-CH_2-COO^-$ | ग्लाइसीनेट आयन (gly) |

**सारणी : 20.5**

| | सूत्र | नाम |
|---|---|---|
| त्रिदन्ती | $H_2\ddot{N}(CH_2)_2-\ddot{N}H-(CH_2)_2\ddot{N}H_2$ | डाईएथिलीन ट्राईएमीन डाईएमीन (dien) |
| चतुर्दन्ती | $H_2\ddot{N}(CH_2)_2-\ddot{N}H-(CH_2)_2\ddot{N}H(CH_2)_2\ddot{N}H_2$ | ट्राईएथिलीन -टेट्रामीन (trien) |
| षट्दन्ती | $(^-:OOCH_2C)_2\ddot{N}-CH_2-CH_2-\ddot{N}(CH_2COO^-:)_2$ | एथिलीन डाईएमीन टेट्रा एसीटिक एसिड (EDTA) |

***कीलेट लिगेण्ड*** : बहुदन्ती लिगेण्ड जब केन्द्रीय धातु आयन से जुड़ते हैं तब ये चक्र बनाते हैं जिसे कीलेट कहते हैं और लिगेण्ड को कीलेट लिगेण्ड कहते हैं।

***उभयदन्ती** (Ambidentate)**लगेण्ड*** : एक लिगेण्ड जिसमें दो दाता परमाणु होते हैं लेकिन संकुल बनाते समय यह केवल एक परमाणु का ही उपयोग करता है जो कि परिस्थिति और संकुल के प्रकार पर निर्भर करता है। उदाहरण, $NO_2$ (नाइट्रो), *ONO* (नाइट्राईटो), *CN* (सायनों), *NC* (आइसोसायनों), *SCN* (थायोसायनाइड), *NCS* (आइसोथायोसायनाइड)

***π-अम्ल लिगेण्ड*** : लिगेण्ड जो $\pi$- $e^-$ घनत्व की उपयुक्त मात्रा को धातु परमाणु से खाली $\pi$ या $\pi^*$ कक्षक में ग्रहण करते हैं या अपने स्वयं के कक्षक में करते हैं $\pi-$ग्राहक या $\pi-$ अम्ल लिगेण्ड कहलाते हैं उदाहरण, *CO* ।

(4) **उपसहसंयोजक गोला** (Co-ordination sphere) : लिगेण्ड को केन्द्रीय धातु आयन के साथ वर्ग कोष्ठक [ ] में रखा जाता है जहाँ ये इसी रुप में अपनी पहचान बनाये रखता है, उपसहसंयोजक गोला कहलाता है। (अनआयनिक)

(5) **उपसहसंयोजन संख्या** (Co-ordination number) : केन्द्रीय धातु परमाणु / आयन से जुड़े एकदन्ती लिगेण्डों की कुल संख्या उस केन्द्रीय धातु परमाणु / आयन की उपसहसंयोजक संख्या कहलाती है।




(6) **आयनन गोला** (Ionisation sphere) : वर्ग कोष्ठक के बाहर उपस्थित भाग को आयनन गोला कहते हैं। (आयनित)

## उपसहसंयोजक यौगिकों का आई.यू.पी.ए.सी. नामकरण
## (IUPAC nomenclature of complex compounds)

संकुल यौगिकों के नामकरण के लिए आई.यू.पी.ए.सी. ने कुछ नियम दिए जो निम्न हैं,

(1) उपसहसंयोजक यौगिक के धनात्मक भाग का नाम पहले लिया जाता है तत्पश्चात ऋणात्मक भाग का नाम लिया जाता है।

(2) लिगेण्ड का नाम पहले लिखा जाता है इसके बाद केन्द्रीय धातु का लिखा जाता है। उपसर्ग डाई, ट्राई, टेट्रा आदि उपस्थित लिगेण्ड के प्रत्येक प्रकार की संख्या को निर्देशित करने में प्रयुक्त होते हैं। जब लिगेण्ड में स्वयं में संख्या शामिल हो तो उपसर्ग बिस (दो लिगेण्ड), ट्रिस (तीन लिगेण्ड) आदि को प्रयुक्त करते हैं। उदाहरण, डाईपिरीडिल, बिस (एथिलीन डाईएमीन)।

(3) बहुकेन्द्रीय संकुलों में, संकुल के सूत्र में निर्देर्शित सेतु समूह को शेष संकुल से हाइफन द्वारा पृथक किया जाता है। बहुकेन्द्रीय संकुलों में (संकुल जिसमें दो या अधिक धातु परमाणु होते हैं) सेतु लिगेण्ड (जो दो धातु परमाणुओं को जोड़ता है) को उनके नाम से पहले उपसर्ग $\mu$ द्वारा दर्शाया जाता है।

(4) **लिगेण्डों के नाम** : विभिन्न प्रकार के लिगेण्ड अर्थात् उदासीन, ऋणात्मक अथवा धनात्मक लिगेण्डो के नाम संकुल यौगिकों में भिन्न-भिन्न प्रकार से लिये जाते हैं।

जब संकुल प्रजाति में ऋणात्मक आवेश हो, तो केन्द्रीय धातु के नाम का अन्त एट में होता है। कुछ तत्वों के लिये, आयन का नाम धातु के लेटिन नाम पर आधारित होता है (उदाहरण के लिये, सिल्वर के लिये अर्जेन्टेट) इस तरह के प्रयुक्त कुछ लेटिन नाम (प्रत्यय एट के साथ) नीचे दिये गये हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| *Fe* | फेरेट | *Cu* | क्यूप्रेट |
| *Ag* | अर्जेन्टेट | *Au* | ऑरेट |
| *Sn* | स्टेनेट | *Pb* | प्लम्बेट |

(5) **एक से अधिक उपसहसंयोजी परमाणु युक्त एकदन्ती लिगेण्ड के प्रकरण में संयोजन का बिन्दु** (उभयदन्तुर लिगेण्ड) : एक से अधिक उपसहसंयोजी परमाणु युक्त एकदन्ती लिगेण्ड के प्रकरण में संयोजन का बिन्दु या तो लिगेण्ड के लिये (उदाहरण थायोसायनेटो एवं आइसोथायोसायनेटो) विभिन्न नामों के प्रयोग द्वारा या दाता परमाणु के संकेत को रखकर प्रदर्शित किया जाता है, लिगेण्ड के नाम को हायफन द्वारा पृथक किया जाता है।

$(NH_4)_3[Cr(SCN)_6]$
अमोनिया हैक्साथायोक्सीनेटो-S-क्रोमेट(III)
या
अमोनिया हैक्साथायोसायनेटो क्रोमेट(III)

$(NH_4)_2[Pt(NCS)_6]$
अमोनियम हैक्साथायोसायनेटो-N-प्लेटिनेट(IV)
या
अमोनियम हैक्साआइसोथायोसायनेटो प्लेटिनेट(IV)

(6) **सेतु समूह** (Bridging groups) **का नाम** : यदि एक संकुल में दो या अधिक केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन उपस्थित है तो संकुल को बहुनाभिकीय संकुल कहते हैं। कुछ बहुनाभिकीय संकुलों में लिगेण्ड दो धातु परमाणु या आयनों को जोड़े रखता है जो सेतु लिगेण्ड कहलाता है। इन सेतु लिगेण्डों को शेष संकुल से हाइफन द्वारा अलग रखते हैं और **उपसर्ग $\mu$** द्वारा प्रदर्शित करते हैं। यदि यहाँ दो या अधिक सेतु समूह समान प्रकार के होते हैं, तब इसे डाई $-\mu-$, ट्राई $-\mu-$, आदि के द्वारा प्रदर्शित करते हैं।

$[(NH_3)]_5Co-NH_2-Co(NH_3)_5](NO_3)_5$
$\mu$-एमिडोबिस [पेण्टाएमीन कोबाल्ट (III)]नाइट्रेट

$[(NH_3)_5Co-OH-Co(NH_3)_5]Cl_5$
$\mu$- हाइड्रॉक्सीबिस [पेण्टाएमीन कोबाल्ट (III)] क्लोराइड

(7) यदि कोई जालक घटक जैसे जल या क्रिस्टलीकरण का विलायक उपस्थित है, तो ये नाम का पालन करते हैं और इन समूहो की संख्या (क्रिस्टलीकरण के विलायक के अणु) के द्वारा अरबी अंकन में नाम को आगे बढ़ाते हैं।

उदाहरण, $[Cu(H_2O)_4]SO_4.H_2O$
टेट्राएक्वाकॉपर (II)सल्फेट 1–वाटर

$[Cr(H_2O)_4Cl_2]Cl.2H_2O$
टेट्राएक्वाडाईक्लोरोक्रोमियम (III)क्लोराइड 2-वाटर

(8) संकुल यौगिकों का नामकरण करते समय निम्नलिखित नियमों का पालन भी करना चाहिए।

(i) यौगिक का नाम बड़े अक्षरों से शुरु नहीं करना चाहिए,

उदाहरण, $[Cu(NH_3)_4]SO_4$
टेट्राएमीन कॉपर (II)सल्फेट (सही)
टेट्राएमीन कॉपर (II)सल्फेट (गलत)

(ii) संकुल आयन का पूर्ण नाम बिना स्थान छोड़े एक ही शब्द में लिखना चाहिए।

(iii) आयनिक संकुलों के प्रकरण में धनायन और ऋणायन के बीच स्थान छोड़ देना चाहिए।

(iv) अन आयनिक संकुल का पूर्ण नाम बिना स्थान छोड़े एक ही शब्द में लिखना चाहिए।

## उपसहसंयोजक यौगिकों में समावयवता
## (Isomerism in co-ordination compounds)

वे यौगिक जिनके अणु सूत्र समान होते हैं परन्तु संरचनात्मक व्यवस्था अथवा अन्तरिक्ष व्यवस्था भिन्न होती हैं, समावयवी कहलाते हैं तथा यह प्रक्रम समावयवता कहलाता है।




(1) **संरचनात्मक समावयवता** (Structural isomerism) : यहाँ समावयवियों में केन्द्रीय धातु परमाणु के चारों ओर लिगेण्डों की व्यवस्था भिन्न होती है। यह निम्न प्रकार की होती है :

(i) ***आयनन समावयवता*** (*Ionisation isomerism*) : उपसहसंयोजक यौगिक जिनका संघटन या आण्विक सूत्र समान होता है लेकिन विलयन में ये भिन्न आयन देते हैं आयनन समावयवी कहलाते हैं।

इनमें ऋणायनों का उपसहसंयोजक गोले और आयनन गोले के मध्य स्थानान्तरण होता है।

उदाहरण :

| | |
|---|---|
| $[Co\,Br(NH_3)_5]SO_4$ | $[Co\,SO_4(NH_3)_5]\,Br$ |
| पेन्टाएमीनब्रोमो कोबाल्ट (III) सल्फेट | पेन्टाएमीनसल्फेटो कोबाल्ट (III) ब्रोमाइड |
| $SO_4^{2-}$ आयनन गोले में उपस्थित है | $Br^-$ आयनन गोले में उपस्थित है |
| $BaCl_2$ के साथ सफेद अवक्षेप देता है। | $AgNO_3$ के साथ हल्का पीला **अवक्षेप** देता है। |

(ii) ***उपसहसंयोजक समावयवता*** (*Co-ordination isomerism*): इस प्रकरण में यौगिक धनायन एवं ऋणायन का बना होता है और समावयवता धनायन संकुल तथा ऋणायन संकुल के बीच लिगेण्ड के अन्तर्परिवर्तन के कारण आती है।

उदाहरण : $[Co(NH_3)_6]\,[Cr(CN)_6]$

हैक्साएमीन कोबाल्ट (III) हैक्सासायनो क्रोमेट (III)

$[Cr(NH_3)_6][Co(CN)_6]$

हैक्साएमीन क्रोमियम (III) हैक्सासायनो कोबाल्ट (III)

धनायन युक्त संकुल $\rightarrow NH_3$ लिगेण्ड (कोबाल्ट के साथ)

ऋणायन युक्त संकुल $\rightarrow NH_3$ लिगेण्ड (क्रोमियम के साथ)

ऋणायन युक्त संकुल $\rightarrow CN^-$ लिगेण्ड (क्रोमियम के साथ)

ऋणायन युक्त संकुल $\rightarrow CN^-$ लिगेण्ड (कोबाल्ट के साथ)

(iii) ***लिंकेज समावयवता*** (*Linkage isomerism*) : इस प्रकार की समावयवता में केन्द्रीय धातु आयन से लिगेण्ड के जुड़ने का तरीका भिन्न होता है।

उदाहरण: $[Co\,ONO\,(NH_3)_5]Cl_2$ ; $[Co\,NO_2\,(NH_3)_5]Cl_2$
पेन्टाएमीनोनाइट्राइटोकोबाल्ट (III) पेन्टाएमीननाइट्रोकोबाल्ट(III)क्लोराइड

$:O-NO^-$ ऑक्सीजन परमाणु इलेक्ट्रॉन युग्म दान करता है (नाइट्राईटो), $NO_2^-$ नाइट्रोजन परमाणु इलेक्ट्रॉन युग्म दान करता है (नाइट्रो)

(iv) ***हाइड्रेट समावयवता*** (*Hydrate isomerism*) : हाइड्रेट समावयवियों का समान संगठन होता है लेकिन लिगेण्ड के रूप में जल के अणुओं की संख्या भिन्न होती है इस घटना को हाइड्रेट समावयवता कहते हैं।

उदाहरण :(a) $[Cr(H_2O)_6]Cl_3$ हैक्साएक्वाक्रोमियम (III) क्लोराइड (बैंगनी)

(b) $[Cr(H_2O)_5\,Cl]Cl_2.H_2O$ पेन्टाएक्वाक्लोरोक्रोमियम (III) क्लोराइड मोनोहाइड्रेट (नीला हरा)

(c) $[Cr(H_2O)_4Cl]Cl_2.2H_2O$ टेट्राएक्वाडाईक्लोरो क्रोमियम (III) क्लोराइड डाईहाइड्रेट (हरा)

(2) **त्रिविम समावयवता** (Stereo isomerism) : इसमें समान संघटन वाले दो पदार्थ, अपने अवयवी परमाणुओं या समूहों द्वारा अपनी केन्द्रीय धातु के चारों ओर प्राप्त अन्तरिक्ष में आपेक्षिक स्थिति में भिन्नता के कारण समावयवता प्रदर्शित करते हैं। ये दो प्रकार की होती है :

(i) ***ज्यामितीय या सिस-ट्रांस समावयवता*** (*Geometrical isomerism*) : यह समावयवता केन्द्रीय परमाणु के चारों ओर लिगेण्डों के विभिन्न ज्यामितीय वितरण के कारण उत्पन्न होती है। **सिस समावयवी** वह है

जिसमें समान समूह एक दूसरे के सन्निकट होते हैं तथा **ट्रांस समावयवी** में समान समूह एक दूसरे से विपरीत स्थिति में होते हैं। इस प्रकार की समावयवता 4 तथा 6 समन्वय संख्या वाले संकुलों द्वारा दर्शायी जाती है।

- उपसहसंयोजन संख्या चार के संकुल




**चतुष्फलकीय संकुल** (Tetrahedral complex) : इस प्रकरण में सभी चार लिगेण्ड एक-दूसरे से सममित रूप से व्यवस्थित होते हैं। अतः ज्यामिती समावयवता संभव नहीं है।

**वर्ग समतलीय संकुल** (Square planar complex) : चार लिगेण्ड चारों कोनों को भरते हैं और धातु परमाणु या आयन केन्द्र में होते हैं तथा समान तल में पाए जाते हैं।

**प्रकार** : I $[Ma_2b_2]$, $M = Pt, a = Cl, b = NH_3$

**उदाहरण** : $[PtCl(NH_3)(Py)_2]$




सिस समावयवी (हल्का पीला)




ट्रान्स समावयवी (गहरा पीला)

**उपसहसंयोजकता छः के संकुल**

**अष्टफलकीय संकुल** (Octahedral complex) : यहाँ धातु परमाणु या आयन केन्द्र में पाया जाता है और 1 से 6 तक की स्थिति लिगेण्डों द्वारा भरी जाती है।

सिस–स्थिति : 1–2, 2–3, 3–4, 4–5

ट्रांस –स्थिति : 1–4, 2–5, 3–6




**प्रकार –I** $Ma_4b_2$, $M = Co, a = NH_3$, एवं $b = Cl$

उदाहरण : $[CoCl_2(NH_3)_4]^+$ ion

**प्रकार –II** $[Ma_3b_3]$, $M = Rh, a = Cl$, एवं $b = Py$

उदाहरण : $[RhCl_3(Py)_3]$

**प्रकार –III** $[M(aa)_2(en)_2]^{++}$, $M = Co, a - a = \begin{matrix} CH_2NH_2 \\ | \\ CH_2NH_2 \end{matrix}$ (द्विदन्ती)

$b = Cl$ (एकदन्ती)




सिस समावयवी (नीला बैंगनी)




ट्रांस समावयवी (हरा)

(ii) ***प्रकाशिक समावयवता*** (*Optical isomerism*)

(a) प्रकाशिक समावयवी एक दूसरे के दर्पण प्रतिबिम्बी होते हैं तथा इनमें किरैल केन्द्र उपस्थित होते हैं।

(b) दर्पण प्रतिबिम्बियों को अध्यारोपित नहीं कर सकते हैं और इनमें सममिती का तल नहीं पाया जाता है।

(c) प्रकाश समावयवियों के भौतिक और रासायनिक गुण समान होते हैं लेकिन ये ध्रुवित प्रकाश के तल को भिन्न-भिन्न दिशा में घुमाते हैं।

(d) समावयवी जो ध्रुवित प्रकाश तल को दायीं दिशा में घुमाते हैं दक्षिणावर्ती (*d*-रूप) कहलाते हैं और समावयवी जो ध्रुवित प्रकाश तल को बायीं दिशा में घुमाते हैं वामावर्ती (*l*-रूप) कहलाते हैं।

उदाहरण : $[Ma_2b_2c_2]^{n\pm}$; $[Pt(Py)_2(NH_3)_2Cl_2]^{2+}$




सिस-d-समावयवी    दर्पण    सिस-l-समावयवी

$[M\,a\,b\,c\,d\,e\,f]$; $Pt(py)NH_3NO_2Cl\,Br]$




d- समावयवी    दर्पण    l- समावयवी

$[M(AA)_3]^{n\pm}$; $[CO(en)_3]^{3+}$




*d*- रूप    दर्पण    *l*- समावयवी




मीजो या प्रकाश अक्रिय रूप

$[M(AA)_2a_2]^{n\pm}$; $[Co(en)_2Cl_2]^+$







सिस-*d*-समावयवी    दर्पण    सिस-*l*-समावयवी

$[M(AA)_2ab]^{n\pm}$; $[Co(en)_2NH_3Cl]^{2+}$




सिस-*d*-समावयवी    दर्पण    सिस-*l*-रूप

## उपसहसंयोजक यौगिकों में बन्धुता (Bonding in co-ordination compounds or Werner's co-ordination theory)

**बर्नर का उपसहसंयोजक सिद्धान्त :** बर्नर संकुलों में बन्धुता को समझाने में सफल हुए ।

***प्राथमिक संयोजकता*** *(Primary valency)* ***(Pv)*** **:** यह दिशाहीन और आयनित होती है। बल्कि यह धातु आयन पर उपस्थित धनात्मक आवेश होता है।

***द्वितीयक संयोजकता*** *(Secondary valency)* ***(Sv)*** **:** यह दिशात्मक और अन आयनित होती है। यह धातु से जुड़े लिगेण्ड परमाणुओं की संख्या (उपसहसंयोजक संख्या) के बराबर होती है। उदाहरण,

| | | |
|---|---|---|
| $[Co(NH_3)_6]Cl_3$ | अथवा | $Co(NH_3)_6]^{3+}\,3Cl^-$ |
| $Pv\rightarrow 3Cl^-[3]$ | Sv | $\rightarrow 6NH_3(6)$ |
| $[Co(NH_3)_5Cl]Cl_2$ | अथवा | $[Co(NH_3)_5Cl]^{2+}2Cl^-$ |
| $Pv\rightarrow 2Cl^-(2)$ | Sv | $\rightarrow 5NH_3+1Cl^-(6)$ |
| $[Co(NH_3)_4Cl_2]Cl$ | अथवा | $[Co(NH_3)_4Cl_2]^+\,Cl^-$ |
| $Pv\rightarrow Cl^-(1)$ | Sv | $\rightarrow 4NH_3+2Cl^-(6)$ |

संकुल की प्रकृति को उपरोक्त संकुलों की क्रिया $AgNO_3$ के आधिक्य के साथ कराकर समझ सकते हैं।

$CoCl_3.6NH_3\rightarrow 3AgCl,\ [Co(NH_3)_6Cl_3$ (तीन क्लोराइड आयन)

$CoCl_3.5NH_3\rightarrow 2AgCl,\ [Co(NH_3)_5Cl_2$ (दो क्लोराइड आयन)

$CoCl_3.4NH_3\rightarrow 1AgCl,\ [Co(NH_3)_4Cl_2$ (एक क्लोराइड आयन)

$CoCl_3.3NH_3\rightarrow no\ AgCl,\ [Co(NH_3)_3Cl_3$ (कोई क्लोराइड आयन नहीं)

उपसहसंयोजक गोले में केन्द्रीय धातु परमाणु और लिगेण्ड के बीच बन्धुता की प्रकृति को तीन सिद्धान्तों द्वारा समझा सकते हैं। ये हैं,

### (1) उपसहसंयोजक यौगिकों का संयोजकता बन्ध सिद्धान्त (Valence bond theory of co-ordination compounds)

(i) केन्द्रीय धातु आयन के परमाण्विक कक्षकों की उपयुक्त संख्या (*s, p, d*) संकरित होकर रिक्त संकरित कक्षक प्रदान करते हैं।

(ii) ये संकरित कक्षक लिगेण्ड से इलेक्ट्रॉन का एकाकी युग्म ग्रहण करते हैं और संकुल की ज्यामिती के अनुसार लिगेण्ड स्थिति की ओर निर्देशित होते हैं।

(iii) जब अन्तः *d*-कक्षक अर्थात् (*n*-1) *d* कक्षक संकरण में प्रयुक्त होते हैं, तो संकुल को **अन्तः कक्षक** अथवा **चक्रण** अथवा **अतिलिगेटेड संकुल** कहते हैं।

(iv) एक पदार्थ जिसमें कोई भी अयुग्मित इलेक्ट्रॉन उपस्थित नहीं होता है 2 चुम्बकों द्वारा आकर्षित नहीं किया जा सकता हैं। इसे प्रतिचुम्बकीय कहते हैं। दूसरी तरफ, एक पदार्थ जिसमें एक या अधिक अयुग्मित इलेक्ट्रॉन *d*-कक्षक में उपस्थित होते हैं, चुम्बकीय क्षेत्र द्वारा आकर्षित होते हैं [ $O_2$ और *NO* को छोड़कर, इसे अनुचुम्बकीय कहते हैं।

अनुचुम्बकत्व की गणना इस सूत्र द्वारा कर सकते हैं, $\mu_s=\sqrt{n(n+2)},$ जहाँ $\mu=$ चुम्बकीय आघूर्ण,

*s*=केवल चक्रण मान, *n*= अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या

इसलिये यदि $n=1, \mu_s=\sqrt{1(1+2)}=1.73\ B.M.,$ यदि $n=3, \mu_s=\sqrt{3(3+2)}=3.87\ B.M.$ और इसी तरह आगे होता है

चुम्बकीय आघूर्ण के मान के आधार पर, संकुल में उपस्थित अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या अनुमानित कर सकते हैं। यदि हमें धातु संकुल में उपस्थित अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या ज्ञात है तो इससे संकुल की ज्यामिती अनुमानित कर सकते हैं।

(v) दो प्रकार के लिगेण्ड होते हैं जो प्रबल क्षेत्र और दुर्बल क्षेत्र लिगेण्ड कहलाते हैं। प्रबल क्षेत्र लिगेण्ड धातु परमाणु / आयन के इलेक्ट्रॉनों को युग्मित करने के लिए बल लगाते हैं (यदि जरुरत हो)। युग्मन केवल उस सीमा तक किया जाता है जो उस उपसहसंयोजक संख्या के लिये संभावित संकरण को निर्मित करने में आवश्यक होता है। दुर्बल क्षेत्र लिगेण्ड धातु परमाणु / आयन के इलेक्ट्रॉनों के युग्मन के लिए सक्षम नहीं होते हैं।

प्रबल क्षेत्र लिगेण्ड : $CN^-, CO, en, NH_3, H_2O, NO^-, Py$ .

दुर्बल क्षेत्र लिगेण्ड :

$I^-, Br^-, Cl^-, F^-, NO_3^-, OH^-, C_2O_4^{2-}, NH_3, H_2O$ .

**संयोजकता बन्ध सिद्धान्त की सीमाएँ**

संयोजकता बन्ध सिद्धान्त संकुलों की ज्यामिती एवं चुम्बकीय व्यवहार को समझाने में सफल रहा किन्तु ये निम्न को नहीं समझा सका।

(i) उनके अवशोषण वर्णक्रम की उत्पत्ति को नहीं समझा सका।

(ii) समान धातु के विभिन्न संकुल भिन्न रंग क्यों प्रदर्शित करते हैं।

(iii) विभिन्न संकुलों के आपेक्षिक स्थायित्व को नहीं समझा सका।

(iv) कुछ लिगेण्डों को उच्च चक्रण संकुल क्यों बनाना चाहिये जबकि अन्य को निम्न चक्रण संकुल बनाना चाहिये।

**सारणी : 20.6 कुछ संकुलों की ज्यामिति एवं चुम्बकीय प्रकृति**

| परमाणु/आयन/ संकुल (1) | अभिविन्यास (2) | धातु की ऑक्सी-करण अवस्था (3) | संकरण का प्रकार (4) | ज्यामिति आकृति (5) | अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या (6) | चुम्बकीय गुण (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $Ni^{2+}(d^8)$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑][↑] [ ] 4p [ ][ ][ ] | +2 | | | 2 | अनुचुम्बकीय |
| $[NiCl_4]^{2-}$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑][↑] [:] [:][:][:] ($sp^3$) | +2 | $sp^3$ | चतुष्फलकीय | 2 | अनुचुम्बकीय |
| $[Ni(CN)_4]^{2-}$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑↓][:] [:] [:][:][ ] पुनर्विन्यास ($dsp^2$) | +2 | $dsp^2$ | वर्ग समतलीय | 0 | प्रतिचुम्बकीय |
| $Ni$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑][↑] [↑↓] [:][:][:] | 0 | | | 2 | अनुचुम्बकीय |
| $Ni(CO)_4$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑↓][↑↓] [:] [:][:][:] पुनर्विन्यास ($sp^3$) | 0 | $sp^3$ | चतुष्फलकीय | 0 | प्रतिचुम्बकीय |
| $[Ni(NH_3)_6]^{2+}$ | 3d [↑↓][↑↓][↑↓][↑↓][↑↓] 4s [:] 4p [:][:][:] 4d [:][:][ ][ ][ ] ($sp^3d^2$) | +2 | $sp^3d^2$ (बाह्य) | अष्टफलकीय | 2 | अनुचुम्बकीय |
| $Mn^{2+}(d^5)$ | 3d [↑][↑][↑][↑][↑] 4s [ ] 4p [ ][ ][ ] | +2 | | | 5 | अनुचुम्बकीय |
| $[Mn(CN)_6]^{4-}$ | [↑↓][↑↓][↑][:][:] [:] [:][:][:] पुनर्विन्यास ($d^2sp^3$) | +2 | $d^2sp^3$ (अन्तः) | अष्टफलकीय | 1 | अनुचुम्बकीय |
| $[MnCl_4]^{2-}$ | [↑][↑][↑][↑][↑] [:] [:][:][:] ($sp^3$) | +2 | $sp^3$ | चतुष्फलकीय | 5 | अनुचुम्बकीय |
| $Cu^{2+}(d^9)$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑↓][↑] [ ] [ ][ ][ ] | +2 | | | 1 | अनुचुम्बकीय |
| $[CuCl_4]^{2-}$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑↓][↑] [:] [:][:][:] ($sp^3$) | +2 | $sp^3$ | चतुष्फलकीय | 1 | अनुचुम्बकीय |
| $[Cu(NH_3)_4]^{2+}$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑↓][:] [:] [:][:][ ] ($dsp^2$) एक इलेक्ट्रॉन $3d$-से $4p$- कक्षक में स्थानान्तरित होता है। | +2 | $dsp^2$ | वर्ग समतलीय | 1 | अनुचुम्बकीय |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $Cr(d)$ | 3d: [↑][↑][↑][ ][ ] 4s: [ ] 4p: [ ][ ][ ] | +3 | | | 3 | अनुचुम्बकीय |
| $[Cr(NH_3)_6]^{3+}$ | [↑][↑][↑][••][••] [••] [••][••][••] ($d^2sp^3$) | +3 | dsp (अन्तः) | अष्टफलकीय | 3 | अनुचुम्बकीय |
| $[Cr(H_2O)_6]^{3+}$ | [↑][↑][↑][ ][ ] [••] [••][••][••] 4d: [••][••][ ][ ][ ] ($sp^3d^2$) | +3 | spd (बाह्य) | अष्टफलकीय | 3 | अनुचुम्बकीय |
| $Co(d)$ | [↑↓][↑][↑][↑][↑] [ ] [ ][ ][ ] | +3 | | | 4 | अनुचुम्बकीय |
| $[CoF_6]^{3-}$ | [↑↓][↑][↑][↑][↑] [••] [••][••][••] [••][••][ ][ ][ ] ($sp^3d^2$) | +3 | spd (बाह्य) | अष्टफलकीय | 4 | अनुचुम्बकीय |
| $[Co(NH_3)_6]^{3+}$ | [↑↓][↑↓][↑↓][••][••] [••] [••][••][••] पुनर्विन्यास ($d^2sp^3$) | +3 | dsp (अन्तः) | अष्टफलकीय | 0 | प्रतिचुम्बकीय |
| $Co(d)$ | [↑↓][↑↓][↑][↑][↑] [ ] [ ][ ][ ] | +2 | | | 3 | अनुचुम्बकीय |
| $[Co(H_2O)_6]^{2+}$ | [↑↓][↑↓][↑][↑][↑] [••] [••][••][••] [••][••][ ][ ][ ] ($sp^3d^2$) | +2 | spd (बाह्य) | अष्टफलकीय | 3 | अनुचुम्बकीय |
| $Fe(d)$ | [↑↓][↑][↑][↑][↑] [ ] [ ][ ][ ] | +2 | | | 4 | अनुचुम्बकीय |
| $[Fe(CN)_6]^{4-}$ | [↑↓][↑↓][↑↓][••][••] [••] [••][••][••] पुनर्विन्यास ($d^2sp^3$) | +2 | dsp (अन्तः) | अष्टफलकीय | 0 | प्रतिचुम्बकीय |
| $[Fe(H_2O)_6]^{2+}$ | [↑↓][↑][↑][↑][↑] [••] [••][••][••] [••][••][ ][ ][ ] ($sp^3d^2$) | +2 | spd (बाह्य) | अष्टफलकीय | 4 | अनुचुम्बकीय |
| $[Fe(NH_3)_6]^{2+}$ | " | +2 | spd (बाह्य) | अष्टफलकीय | 4 | अनुचुम्बकीय |
| $Fe(d)$ | [↑][↑][↑][↑][↑] [ ] [ ][ ][ ] | +3 | | अष्टफलकीय | 5 | अनुचुम्बकीय |
| $[Fe(CN)_6]^{3-}$ | [↑↓][↑↓][↑][••][••] [••] [••][••][••] ($d^2sp^3$) | +3 | dsp (अन्तः) | | 1 | अनुचुम्बकीय |
| $Fe$ | [↑↓][↑][↑][↑][↑] [↑↓] [ ][ ][ ] | 0 | | | 4 | अनुचुम्बकीय |
| $Fe(CO)_5$ | [↑↓][↑↓][↑↓][↑↓][••] [••] [••][••][••] ($dsp^3$) | 0 | dsp (अन्तः) | त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय | 0 | प्रतिचुम्बकीय |

(2) **लिगेण्ड क्षेत्र सिद्धांत** (Ligand field theory) : इस सिद्धांत के अनुसार, जब लिगेण्ड धातु परमाणु या आयन के नजदीक आता है, तो एक क्षेत्र निर्मित होता है। यह क्षेत्र धातु परमाणु के **समान ऊर्जा के d-कक्षकों को विभिन्न ऊर्जा स्तरों में विपाटित कर देता है।** लिगेण्ड की प्रकृति और

संख्या से विपाटन की सीमा निर्धारित की जाती हैं। विपाटित ऊर्जा स्तरों के मध्य ऊर्जा अंतर से संकुल के चुम्बकीय गुण (अनुचुम्बकीय या प्रतिचुम्बकीय) और स्पेक्ट्रम गुणों (रंग आदि) को निर्धारित किया जाता हैं।

## विलयन में उपसहसंयोजक यौगिकों का स्थायित्व एवं स्पेक्ट्रोरसायन श्रेणी (Stability of co-ordination in solution and spectrochemical series)

धातु लिगेण्ड बन्ध जितना प्रबल होगा, विलयन में वियोजन उतना ही कम होगा इसलिये उपसहसंयोजक यौगिक का स्थायित्व भी अधिक होगा

संकुल आयन $[Cu(NH_3)_4]^{2+}$ को लिये स्थायित्व स्थिरांक में अर्थात् $[Cu(NH_3)_4]^{2+} \rightleftharpoons Cu^{2+} + 4NH_3$, इस व्यंजक द्वारा दिया जाता है; $K_i = \frac{[Cu^{2+}][NH_3]^4}{[Cu(NH_3)_4]^{2+}}$.

उपरोक्त संकुल का स्थायित्व स्थिरांक अर्थात्

$Cu^{2+} + 4NH_3 \rightleftharpoons [Cu(NH_3)]^{2+}$ को नीचे दिया गया हैं

$$K = \frac{[Cu(NH_3)_4^{2+}]}{[Cu^{2+}][NH_3]^4} = \frac{1}{K_i}$$

जितना अधिक स्थायित्व स्थिरांक होता है, उतना ही प्रबल धातु लिगेण्ड बन्ध होता है।

### संकुल आयन के स्थायित्व को प्रभावित करने वाले कारक

(1) **केन्द्रीय धातु आयन की प्रकृति** : केन्द्रीय धातु आयन पर जितना अधिक आवेश घनत्व होता है, उतना ही अधिक संकुल का स्थायित्व होता है।

उदाहरण के लिये, $[Fe(CN)_6]^{3-}$ का स्थायित्व स्थिरांक $[Fe(CN)_6]^{4-}$ की अपेक्षा अत्याधिक होता है।

$$Fe^{2+} + 6CN^- \rightleftharpoons [Fe(CN)_6]^{4-}; K = 1.8 \times 10^6$$

$$Fe^{3+} + 6CN^- \rightleftharpoons [Fe(CN)_6]^{3-}; K = 1.2 \times 10^{31}$$

**प्रभावी परमाणु क्रमांक** (Effective atomic number) ***(EAN)*** **अथवा सिजविक सिद्धान्त** : संकुलो के स्थायित्व के लिये सिजविक ने प्रभावी परमाणु क्रमांक प्रस्तावित किया । कुछ प्रकरणों में EAN सामान्यतः अगली अक्रिय गैस के समान परमाणु क्रमांक प्रदान करता है। EAN को निम्न सम्बन्ध द्वारा परिकलित किया जाता है :

EAN = धातु का परमाणु क्रमांक – आयन निर्माण में $e^-$ का खोना + लिगेण्ड के दाता परमाणु से प्राप्त $e^-$ की संख्या

EAN = परमाणु क्रमांक – ऑक्सीकरण संख्या + उपसहसंयोजक संख्या × 2

**सारणी : 20.7**

| संकुल | धातु ऑक्सीकरण अवस्था | धातु की परमाणु संख्या | उपसहसंयोजन संख्या | प्रभावी परमाणु संख्या |
|---|---|---|---|---|
| $K_4[Fe(CN)_6]$ | + 2 | 26 | 6 | (26 – 2) + (6 × 2) = 36 [*Kr*] |
| $[Cu(NH_3)_4]SO_4$ | + 2 | 29 | 4 | (29 – 2) + (4 × 2) = 35 |
| $[Co(CH_3)_6]Cl_3$ | + 3 | 27 | 6 | (27 – 3) + (6 × 2) = 36 [*Kr*] |
| $Ni(CO)_4$ | 0 | 28 | 4 | (28 – 0) + (4 × 2) = 36 [*Kr*] |
| $K_2[Ni(CN)_4]$ | + 2 | 28 | 4 | (28 – 2) + (4 × 2) = 34 |
| $K_3[Cr(C_2O_4)_3]$ | + 3 | 24 | 6 | (24 – 3) + (6 × 2) = 33 |
| $K_3[Fe(CN)_6]$ | + 3 | 26 | 6 | (26 – 3) + (6 × 2) = 35 |
| $[Ag(NH_3)_2]Cl$ | + 1 | 47 | 2 | (47 – 1) + (2 × 2) = 50 |

(2) **लिगेण्ड की प्रकृति** : जितनी अधिक भास्मिक शक्ति होती है उतनी ही सुगमता से ये एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म दान कर सकता है और इसलिये इसके द्वारा निर्मित संकुल का स्थायित्व उतना ही अधिक होता है।

उदाहरण के लिये : $[Cu(NH_3)_4]^{2+}; K = 4.5 \times 10^{11}$ ;

$[Cu(CN)_4]^{2-}; K = 2.0 \times 10^{27}$

(3) **कीलेट वलय की उपस्थिति** : एक दन्तुर लिगेण्ड की अपेक्षा कीलेट लिगेण्ड अधिक स्थायी संकुल बनाता है। उदाहरण के लिये। $Ni^{2+} + 6NH_3 \rightleftharpoons [Ni(NH_3)_6]^{2+}; K = 6 \times 10^8$; $Ni^{2+} + 3en \rightleftharpoons [Ni(en)_3]^{2+}; K = 4 \times 10^8$

**वर्ण रसायन श्रेणी** (Spectrochemical series) : लिगेण्ड को उनकी बढ़ती हुई प्रबलता (क्रिस्टल क्षेत्र विपाटन की क्षमता) के क्रम में रखने पर प्राप्त श्रेणी को स्पेक्ट्रो रासायनिक श्रेणी कहते हैं।

$$I^- < Br^- < Cl^- < F^- < OH^- < Ox^{2-} < H_2O$$

$$< Py < NH_3 < en < NO_2^- < CN^- < CO$$

$NH_3$ के बायीं ओर स्थित लिगेण्ड को सामान्यतः दुर्बल लिगेण्ड कहा जाता है जो कि $3d$ श्रेणी में इलेक्ट्रॉनों को बल द्वारा युग्मित नहीं कर सकते हैं और इस तरह ये बाह्य कक्षक अष्टफलकीय संकुल बनाते हैं।

दूसरी ओर $NH_3$ तथा उसके दायीं ओर स्थित लिगेण्ड प्रबल लिगेण्ड कहलाते हैं। जो कि $3d$ श्रेणी में इलेक्ट्रॉन को बल द्वारा युग्मित करके अन्तः कक्षीय अष्टफलकीय संकुल बनाते हैं।

## उपसहसंयोजक यौगिकों के बनाने की विधियाँ तथा अनुप्रयोग (Preparation and application of co-ordination compounds)

(1) **बनाने की विधियाँ** : उपसहसंयोजक यौगिकों को निम्न विधियों द्वारा बनाया जाता है,

(i) ***लिगेण्ड प्रतिस्थापन अभिक्रिया*** : संकुलों के केन्द्रीय धातु आयन से जुड़े लिगेण्ड का दूसरे लिगेण्ड की सहायता से प्रतिस्थापन लिगेण्ड प्रतिस्थापन अभिक्रिया कहलाती है।

$$\underset{\text{हल्का नीला}}{[Cu(H_2O)_4]^{2+}}_{(aq)} + 3NH_{3(aq))} \rightarrow \underset{\text{गहरा नीला}}{[Cu(NH_3)_4]^{2+}}_{(aq)} + 4H_2O(l)$$

(ii) ***अभिकर्मक को सीधे ही मिश्रित करके*** :

$$PtCl_2 + 2\underset{(en)}{H_2N - CH_2 - CH_2 - NH_2} \rightarrow \underset{\text{(डाइक्लोरोबिस एथिलीन डाइएमीन प्लेटिनम (II)}}{[Pt(en)_2Cl_2]}$$

(iii) ***रेडॉक्स क्रिया द्वारा*** : इस अभिक्रिया में या तो ऑक्सीकरण या अपचयन अभिक्रिया भाग लेती हैं

$$2Co(NO_3)_2 + 8NH_3 + 2NH_4NO_3 + H_2O_2 \rightarrow$$
$$\underset{\text{पेण्टा एमीन नाइट्रोकोबाल्ट (II) नाइट्रेट}}{2[Co(NH_3)NO_2](NO_3)_2} + 2H_2O$$

**उपसहसंयोजक यौगिकों के अनुप्रयोग**

(1) जल की कठोरता के आँकलन में, क्योंकि $Ca^{++}$ तथा $Mg^{2+}$ आयन EDTA के साथ संकुल बनाते हैं।

(2) वनस्पति तथा जन्तु में जैसे क्लोरोफिल $Mg^{2+}$ का संकुल है तथा हीमोग्लोबिन $Fe^{2+}$ का संकुल हैं तथा विटामिन $B_{12}$, $Co^{2+}$ का संकुल है।

(3) धातुओं के इलेक्ट्रोप्लेटिंग में संकुल लवण का विद्युत अपघट्य की तरह प्रयोग शामिल है उदाहरण $K[Ag(CN)_2]$ का उपयोग *Ag* के प्लेटिंग में होता है।

(4) धातु के निष्कर्षण में जैसे अयस्क में *NaCN* मिलाने पर प्राप्त संकुल से *Ag* तथा *Au* का निष्कर्षण होता है।

(5) धातु आयनों के आँकलन तथा पहचान करने में जैसे : $Ni^{2+}$ आयन को डाईमेथिल ग्लायऑक्सिम के प्रयोग द्वारा आँकलित करते हैं।

(6) औषधि के रूप में: जैसे; सिस-प्लेटिन अर्थात् सिस $[PtCl_2(NH_3)_2]$ का उपयोग कैंसर के उपचार में किया जाता है।

## कार्बधात्विक यौगिक (Organometallic compounds)

वह यौगिक जिसमें धातु आयन या परमाणु या उपधातु (*Ge, Sb*) या *B, Si, P,* आदि, जैसे अधातु परमाणु (*C* से कम ऋणविद्युतीय) सीधे ही कार्बन से जुड़े हों या हाइड्रोकार्बन मूलक या अणु के कार्बन से जुड़े हों कार्बधात्विक यौगिक कहलाते हैं। कार्बधात्विक यौगिकों में मुख्यतः इनमें से एक होता है,

(1) धातु – कार्बन बंध, (2) उपधातु – कार्बन बंध, (3) अधातु – कार्बन बंध।

उदाहरण :

**यौगिक** : $C_2H_5MgBr$, $(C_2H_5)_2Zn$, $C_6H_5Ti(OC_3H_7)_3$, $(CH_3)_4Si$

**कार्बधात्विक बंध** : $Mg - C$, $Zn - C$, $Ti - C$, $Si - C$

**कार्बधात्विक यौगिकों का वर्गीकरण** : कार्बधात्विक यौगिकों को तीन वर्गों में विभक्त किया गया है,

(1) **$\sigma$–बंधित कार्बधात्विक यौगिक** : ऐसे यौगिक जिसमें धातु सीधे ही C द्वारा $\sigma$-बंध से जुड़ी रहती है $M - C$ $\sigma$ – **बंधित** कार्बधात्विक यौगिक कहलाते हैं। जैसे $RMgX, R_2Zn, R_3Pb, R_3Al, R_4Sn$ आदि।

(2) **$\pi$-बंधित कार्बधात्विक यौगिक** : जब संक्रमण धातु अपने $d$. कक्षकों का प्रयोग करते हुए असंतृप्त हाइड्रोकार्बन या उनके व्यत्पुन्न से बन्धित होती है यहाँ धातु परमाणु लिगेण्ड से इस प्रकार से बन्धित होते हैं कि लिगेण्ड द्वारा इलेक्ट्रॉन का दान एवं पश्च प्राप्ति साध्य होती है। इसे लिगेण्ड का **$\pi$–कक्षक** कहते हैं तथा संकुल को **$\pi$–बंधित** संकुल कहते हैं।

उदाहरण : (i) ***$\pi$-चक्रीयपेन्टाडाईइनाइल आयरन संकुल***

फेरोसीन $[Fe(\eta^5 - CH_5)_2]$, बिस (सायक्लोपेन्टाडाईइनाइल) आयरन (II)

यह $\pi$ बन्धित सेन्डविच यौगिक है इस संकुल में केन्द्रीय धातु से जुड़े कार्बन की संख्या को ईटा पर घात द्वारा दर्शाते हैं अर्थात् $\eta^5$ द्वारा दर्शाते हैं।

(ii) ***डाईबेन्जीन क्रोमियम*** (*$\pi$*–संकुल)

यह भी $\pi$ – बन्धित सेन्डविच यौगिक है इसका सूत्र $[Cr(\eta^6 - C_6H_6)_2]$ है

(iii) ***एल्कीन संकुल*** (*$\pi$*–संकुल)




फैरोसीन $Fe(\eta^5 - C_5H_5)_2$ डाईबेन्जीन क्रोमियम $Cr(\eta^6 - C_6H_6)$

जाइसे लवण K $PtCl_3(\eta^2 - C_2H_4)]$; पोटेशियम ट्राईक्लोरो प्लेटीनेट (IV)।

यह $\pi$ बन्धी संकुल है जो $\mu^2$ दर्शाता है कि एथिलीन के दो कार्बन धातु से बन्धित हैं।

(3) **संकुल जिनमें $\sigma$– एवं $\pi$–बन्धन दोनों अभिलक्षण होते हैं** : धातु तथा कार्बन मोनो ऑक्साइड के मध्य बना बन्ध इसके अन्तर्गत आते हैं। धातु कार्बोनिल को भी इसमें सम्मिलित किया जाता है।

(i) ***मोनो नाभिकीय कार्बोनिल*** : प्रति अणु एक धातु-परमाणु उपस्थित रहता है। जैसे $Ni(CO)_4, Fe(CO)_5, Cr(CO)_6$

(ii) ***बहुनाभिकीय कार्बोनिल*** : प्रति अणु दो या दो से अधिक धातु परमाणु उपस्थित रहते हैं। जैसे,

$$Mn_2(CO)_{10}, Fe(CO)_9, Fe(CO)_{12}$$

**कार्बधात्विक यौगिकों के अनुप्रयोग**

(1) ग्रिगनार्ड अभिकर्मक ($RMgX$) का उपयोग कई कार्बनिक यौगिकों के संश्लेषण में होता है।

(2) विलकिन्सन उत्प्रेरक $[(PH_3P)_3RhCl]$ अर्थात् ट्रिस (ट्राईफेनिल फॉस्फीन) क्लोरोरोडियम (I) का उपयोग एल्कीन के हाइड्रोजनीकरण में समांग उत्प्रेरक के रूप में होता है।

(3) जिग्लर नाटा उत्प्रेरक ($TiCl_4$ तथा *Al(CH)*) का उपयोग एल्कीन के बहुलीकरण में विषमांग उत्प्रेरक की तरह किया जाता है।

# Tips & Tricks

✍ **बेडेकर अभिक्रिया** : इस अभिक्रिया में निम्न रासायनिक परिवर्तन शामिल है।

$Na_2[Fe(CN)_5NO] + Na_2SO_3 \rightarrow Na_4[Fe(CN)_5(NO.SO_3)]$

✍ **एवरिट का लवण** : यह $K_2[Fe(CN)_6]$ है जो प्रूशियन ब्लू के अपचयन द्वारा प्राप्त होता है।

✍ **मार्स्किंग** : मार्स्किंग वह प्रक्रम है जिसमें पदार्थ अपने भौतिक पृथक्करण के बिना ही इस सतह से स्थानान्तरित होता है कि यह किसी विशिष्ट अभिक्रिया में प्रवेश नहीं करता उदाहरण, $Cu^{2+}$ की मार्स्किंग $CN^-$ आयन द्वारा।

✍ **बृहद चक्रीय प्रभाव** : यह शब्द चक्रीय बहुदन्तुर लिगेण्ड के साथ संकुल के ऊष्मीय स्थायित्व की अधिकता को प्रदर्शित करता है जबकि इसकी तुलना अचक्रीय लिगेण्ड के साथ निर्मित संकुल के साथ की जाती है। उदाहरण., $Zn$(II) का लिगेण्ड के साथ बना संकुल




✍ **प्रूशियन ब्लू** एवं **टर्नबुल ब्लू** पोटेशियम फैरिक फेरोसायनाइड है। किन्तु टर्नबुल ब्लू का रंग प्रूशियन ब्लू से कम तीव्र होता है। रंग में कमी इसमें उपस्थित $K_2\{Fe[Fe(CN)_6]\}$ सूत्र के सफेद यौगिक के कारण होती है जिसका नाम पोटेशियम फैरस फेरोसायनाइड है।

✍ क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धान्त स्पष्ट करता है कि क्यो कुछ ज्यामिती अन्य की अपेक्षा कुछ धातुओं द्वारा क्रिस्टल क्षेत्र स्थायित्व ऊर्जाओं के रुप में अधिक सहायता पाती है।

✍ संकुलों का रंग विभिन्न ऊर्जाओं के विभिन्न $d$ कक्षकों के बीच इलेक्ट्रॉनिक संक्रमण के रुप में व्याख्यित किया जाता है।

✍ अष्टफलकीय संकुलो में, $d_{z^2}$ एवं $d_{x^2-y^2}$ कक्षकों की ऊर्जा $d_{xy}, d_{yz}, d_{xz}$ कक्षकों की ऊर्जाओं की अपेक्षा अत्याधिक बढ़ती है। प्रतिकर्षी अर्न्तक्रिया के फलस्वरुप स्थितिज ऊर्जा बढ़ती है। जितना अधिक प्रतिकर्षण होता है उतनी ही अधिक ऊर्जा में वृद्धि होती है।

✍ छोटे समूह वाले लिगेण्ड की अपेक्षा अस्थायी वलय से बडे समूह वाले लिगेण्ड यह कारण बताने योग्य है कि बड़े समूह द्वारा त्रिविम बाधा उत्पन्न होती है।

✍ जब $Ca$ अथवा $Mg$, EDTA के साथ संकुल बनाते हैं, तो विलयन की pH घटती है।

✍ कॉपर सल्फेट विलयन गहरे नीले रंग में बदल जाता है जब इसमें अमोनिया के आधिक्य को मिलाया जाता है। यह $[Cu(NH)]SO$ के निर्माण के कारण भी होता है।

✍ सामान्य सूत्र MA, MAB अथवा MABCD वाले उपसहसंयोजी यौगिक कोई भी ज्यामिती समावयवता नहीं दर्शाते।

✍ लचरदन्तुर लक्षण : बहुदन्तुर लिगेण्ड को लचरदन्तुर गुण वाला कहा जा सकता है यदि ये अपने सभी दाता परमाणुओं का उपयोग धातु आयन से उपसहसंयोजन में ना करे उदाहरण, EDTA सामान्यतः हैक्सादन्तुर लिगेण्ड के समान कार्य करता है किन्तु यह पेण्टादन्तुर एवं टेट्रादन्तुर लिगेण्ड के समान भी कार्य कर सकता है।

✍ [M(ABCDEF)] प्रकार के अष्टफलकीय संकुल के 15 भिन्न ज्यामिती समावयवी होते हैं जिनके साथ प्रतिबिम्ब रुपी का युग्म भी होता है। यद्यपि कुछ ज्यामिती समावयवी बनाये गये हैं किन्तु किसी को भी वियोजित नहीं किया गया उदाहरण

$[Pt(Py)(NH)(NO)(Cl)(Br)I]$.

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### आधार मूल शब्दावली

1. $K_4Fe(CN)_6$ में
   (a) $(CN)$ बंधित हैं प्राथमिक संयोजकता से
   (b) $(CN)$ बंधित हैं द्वितीयक संयोजकता से
   (c) $K$ बंधित हैं द्वितीयक संयोजकता से
   (d) $K$ बंधित हैं अनायनिक संयोजकता से

2. क्युप्राअमोनियम सल्फेट में कॉपर की उपसहसंयोजन संख्या है [KCET 1991, 92]
   (a) 2 (b) 6
   (c) 4 (d) – 4

3. संकुल निर्माण में निम्नांकित में से कौनसा द्विदंती लिगेण्ड का कार्य करता है
   (a) एसीटेट (b) ऑक्जेलेट
   (c) थायोसायनेट (d) EDTA

4. $[Co(en)_2Br_2]Cl_2$ संकुल में कोबाल्ट की उप सहसंयोजन संख्या है
   (a) 2 (b) 6
   (c) 5 (d) 4

5. निम्नांकित में से कौनसा संलग्नी (लिगेण्ड) कीलेट बनाता है [MP PET/PMT 1998]
   (a) एसीटेट (b) ऑक्जेलेट
   (c) सायनाइड (d) अमोनिया

6. वर्नर सिद्धांत के अनुसार [MP PMT 2000, 02]
   (a) प्राथमिक संयोजकता आयनित हो सकती है
   (b) द्वितीयक संयोजकता आयनित हो सकती है
   (c) प्राथमिक तथा द्वितीयक संयोजकताएँ दोनों आयनित नहीं होती
   (d) केवल प्राथमिक संयोजकता आयनित नहीं होती

7. निम्न में से कौनसा लिगेण्ड-धातु संकुल (Ligand-Metal Complex) के लिए सत्य नहीं है [MP PET 1993]
   (a) बड़ा लिगेण्ड, धातु-लिगेण्ड बन्ध अधिक स्थाई होता है
   (b) अधिक आवेशित लिगेण्ड, प्रबल बन्ध बनाता है
   (c) लिगेण्ड का स्थाई द्विध्रुव आघूर्ण अधिक होने से बन्ध अधिक स्थाई होता है
   (d) केन्द्रीय धातु पर अधिक आयनिक विभव से प्रबल बन्ध होता है

8. $[Co(en)_2Cl_2]^+$ में धातु की सहसंयोजक संख्या क्या होगी
   (a) 4 (b) 5
   (c) 6 (d) 3

9. द्विदंती लिगेण्ड है
   (a) $CN^-$ (b) एथिलीन डाईएमीन

(c) $SCN^-$ (d) EDTA

10. $[Pt(NH_3)_4Cl_2]^{++}$ आयन में $Pt$ की उपसहसंयोजन संख्या है [MP PET 1995]

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

11. इनमें षट्दन्तुर (Hexadentate) लिगेण्ड का उदाहरण कौनसा है

(a) 2, 2–डाईपिरीडिल
(b) डाईमेथिल ग्लायोक्सिम
(c) ऐमीनो डाईएसीटेट आयन
(d) एथिलीन डाईऐमीन टेट्राऐसीटेट आयन [EDTA]

12. उपसहसंयोजी यौगिकों में किसी धातु की उपसहसंयोजी संख्या है [MP PET 1996; KCET (Engg./Med.) 1999]

(a) प्राथमिक संयोजकता के समान
(b) प्राथमिक तथा द्वितीयक संयोजकताओं का योग
(c) द्वितीयक संयोजकता के समान
(d) इनमें से कोई नहीं

13. संकुल लवणों में लिगेण्ड होते हैं [KCET 1992]

(a) ऋणायन उपसह-संयोजक बंध द्वारा केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन से जुड़े हैं
(b) धनायन उपसह-संयोजक बंध द्वारा केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन से जुड़े हैं
(c) अणु उपसह-संयोजक बंध द्वारा केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन से जुड़े हैं
(d) आयन या अणु उपसहसंयोजक बंध द्वारा केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन से जुड़े हैं

14. परमाणुओं का कोई समूह लिगेण्ड की तरह व्यवहार कर सकता है यदि यह [KCET 1989; DCE 1999; MP PMT 2000]

(a) छोटा अणु हों
(b) अबंधी इलेक्ट्रॉन युग्म रखता है
(c) ऋणावेशित आयन हो
(d) धनावेशित आयन हो

15. निम्न में से कौनसा संकुल 6 उपसहसंयोजन संख्या दर्शाता है [RPET 2000]

(a) $[Zn(CN)_4]^{2-}$ (b) $[Cr(H_2O)_6]^{3+}$
(c) $[Cu(CN)_4]^{2-}$ (d) $[Ni(NH_3)_4]^{2+}$

16. जब क्यूप्राअमोनियम सल्फेट को जल में घोला जाता है तो उत्पन्न हुये आयनों की संख्या होगी [KCET 1993]

(a) 1 (b) 2
(c) 4 (d) शून्य

17. संकुल $[Cu(H_2O)_4]^{++}$ में $Cu$ की उपसहसंयोजी संख्या है [MP PET 1995]

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

18. उपसहसंयोजी यौगिक $K_2[Ni(CN)_4]$ में धातु आयन की प्राथमिक संयोजकता है

(a) चार (b) शून्य
(c) दो (d) छः

19. बहुनाभिकीय कार्बोनिल नहीं बनाने वाली धातु है

(a) $Mn$ (b) $Co$
(c) $Cr$ (d) $Fe$

20. निम्न में से कौन $CN^-$ (सायनाइड) की अधिकता से उपसहसंयोजी संख्या 2 वाला संकुल निर्मित करता है [AIIMS 2004]

(a) $Cu^+$ (b) $Ag^+$
(c) $Ni^{2+}$ (d) $Fe^{2+}$

21. लुईस के अनुसार, लिगेण्ड होते हैं [MP PMT 2002]

(a) स्वभाव से अम्लीय
(b) स्वभाव से क्षारीय
(c) न अम्लीय और न ही क्षारीय
(d) कुछ अम्लीय एवं कुछ क्षारीय

22. एक संकुल में केन्द्रीय धातु परमाणु की उपसहसंयोजी संख्या किसके द्वारा निर्धारित की जाती है [AIEEE 2004]

(a) सिग्मा एवं पाई बन्धों से बंधित धातु आयन के चारों ओर लिगेण्डों की संख्या से
(b) पाई बंधों द्वारा बंधित धातु आयन के चारों ओर लिगेण्डों की संख्या से
(c) सिग्मा बंधों द्वारा बंधित धातु आयन के चारों ओर लिगेण्डों की संख्या से
(d) धातु आयनों से बंधित केवल ऋणात्मक लिगेण्डों की संख्या से

23. निम्न में से किसके निष्कर्षण में संकुल आयन बनता है [MP PET 1989]

(a) $Cu$ (b) $Ag$
(c) $Fe$ (d) $Na$

24. पोटेशियम फैरोसायनाइड है [AFMC 2000]

(a) साधारण लवण (b) मिश्रित लवण
(c) द्विक् लवण (d) संकुल लवण

25. एकदन्ती लिगेण्ड में होता है

(a) एक उपसहसंयोजी पार्श्व
(b) दो उपसहसंयोजी पार्श्व
(c) उपसहसंयोजी पार्श्व की कोई भी संख्या
(d) उपसहसंयोजन क्षमता नहीं होती

26. EDTA की उपसहसंयोजी संख्या है [AFMC 2004]

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

27. गुणों के बीच (a) अपचयन (b) ऑक्सीकरण (c) संकुलन, धातु प्रजाति के प्रति $CN^-$ आयन द्वारा दर्शाने वाले गुणों का समुच्चय है [AIEEE 2004]

(a) c, a (b) b, c
(c) a, b (d) a, b, c

28. वह आयन या अणु जो संक्रमण धातु आयन के साथ संकुल यौगिक निर्माण करता है, को कहते हैं

(a) रिसीपीएन्ट (b) लिगेण्ड
(c) उपसहसंयोजी आयन (d) कोई विशेष नाम नहीं

29. $ZnS$ (जिंक ब्लेंडी) में $Zn$ की उपसहसंयोजी संख्या है [Orissa JEE 2004]

(a) 6 (b) 4
(c) 8 (d) 12

30. एक एल्कीन के हाइड्रोजिनेशन में विल्किन्सन उत्प्रेरक (Wilkinson's catalyst) एक समांगी उत्प्रेरक के रूप में प्रयोग में आता है, उसमें होता है

(a) आयरन (b) एल्यूमीनियम

(c) रोडियम (d) कोबाल्ट

31. छः उपसहसंयोजी संकुलों के अणुसूत्र दिये गये हैं (A) $CoCl_3.6NH_3$ (B) $CoCl_3.5NH_3$ (C) $CoCl_3.4NH_3$. यदि *A, B* एवं *C* में उपसहसंयोजी $NH_3$ की संख्या क्रमशः 6, 5 और 4 हैं तो, (*A*), (*B*) एवं (*C*) में प्राथमिक संयोजकता है [DCE 2003]
(a) 6, 5, 4 (b) 3, 2, 1
(c) 0, 1, 2 (d) 3, 3, 3

32. साधारणतः परमाणुओं का समूह संलग्नी (लिगेण्ड) की भांति कार्य कर सकता है यदि [MP PET 1996]
(a) वे धनावेशित आयन हों
(b) वे मुक्त मूलक हों
(c) वे या तो उदासीन अणु हों या ऋणावेशित आयन हों
(d) इनमें से कोई नहीं

33. पोटेशियम फैरीसायनाइड में लिगेण्ड है
(a) $K^+$ (b) $CN^-$
(c) $Fe^{3+}$ (d) $(CN)_6$

34. एल्यूमीनियम की उपसहसंयोजन संख्या है [MHCET 2004]
(a) 8 (b) 6
(c) 12 (d) 4

35. $K_4Fe(CN)_6$, में $Fe$ किस रूप में है
(a) परमाणु (b) आयन
(c) धनायन संकुल (d) ऋणायन संकुल

36. निम्न में से कौनसा लिगेण्ड द्विदंती (Bidentate) है [CBSE PMT 1994]
(a) $Br$ (b) $C_2O_4^{2-}$
(c) $CH_3NH_2$ (d) $CH_3C \equiv N$

37. यौगिक लीथियम टेट्राहाइड्रो एल्यूमिनेट में लिगेण्ड है [AIIMS 1997]
(a) $H^+$ (b) $H^-$
(c) *H* (d) इनमें से कोई नहीं

38. निम्नलिखित में कौनसा शेष से भिन्न है [MP PET 1996]
(a) पोटेशियम फैरोसायनाइड (b) फैरस अमोनियम सल्फेट
(c) पोटेशियम फैरीसायनाइड (d) टेट्राएमीन कॉपर (II) सल्फेट

39. क्षारीय लिगेण्ड है
(a) $NH_3$ (b) $CN^-$
(c) $F^-$ (d) सभी

40. ऋणात्मक लिगेण्ड हैं
(a) एक्वा (b) सल्फेटो
(c) कार्बोक्सिल (d) नाइट्रोसोनियम

41. किसका रंग पीला है
(a) पोटेशियम कोबाल्टीनाइट्राईट
(b) पोटेशियम हैक्सानाइट्रोकोबाल्टेट (III)
(c) फिशर लवण
(d) ये सभी सही हैं

42. संकुल यौगिकों में, लिगेण्ड [MP PMT 2003]
(a) $e^-$ युग्म ग्रहण करते हैं
(b) $e^-$ युग्म दान करते हैं
(c) न तो $e^-$ युग्म ग्रहण करते हैं और न ही दान करते हैं
(d) इनमें से सभी करते हैं

43. निम्न में से कौनसा लिगेण्डों में, एक सामान्य दाता परमाणु है [BHU 2001]
(a) आर्सेनिक (b) नाइट्रोजन
(c) ऑक्सीजन (d) (b) एवं (c) दोनों

44. टर्नबुल ब्लू है [KCET 1993]
(a) फैरीसायनाइड (b) फैरस फेरोसायनाइड
(c) फैरस सायनाइड (d) फैरी-फेरो सायनाइड

45. टॉलेन अभिकर्मक है [KCET 1990]
(a) $[Ag(NH_3)_2]^+$ (b) $Ag_2O$
(c) $[Cu(OH)_4]^{2-}$ (d) $Cu_2O$

46. सूक्ष्म विभाजित लौह चूर्ण, *CO* के साथ संयुक्त होकर देता है [UPSEAT 2002]
(a) $Fe(CO)_5$ (b) $Fe_2(CO)_9$
(c) $Fe_2(CO)_{12}$ (d) $Fe(CO)_6$

47. संकुल में सबसे अधिक उपसहसंयोजन संख्या संभव है
(a) 6 (b) 12
(c) 4 (d) 8

48. संकुल आयन में उदासीन अणु तथा ऋणात्मक समूह जो केन्द्रीय धातु परमाणु से जुड़े रहते हैं, को कहते हैं
(a) परमाणु संख्या (b) प्रभावी परमाणु संख्या
(c) उपसहसंयोजन संख्या (d) प्राथमिक संयोजकता

49. EDTA धनायन से संयोग कर बनाता है
(a) आयन विनिमय रेजिन (b) कीलेट्स
(c) क्लेथ्रेट्स (d) बहुलक

50. द्विक् लवण का उदाहरण है [MP PET 2001]
(a) विरंजक चूर्ण (b) हाइपो
(c) $K_4[Fe(CN)_6]$ (d) पोटाश एलम

51. संकुल यौगिक में धातु लिगेण्ड बन्ध होता है
(a) उपसहसंयोजी बन्ध (b) हाइड्रोजन बन्ध
(c) आयनिक बन्ध (d) सहसंयोजक बन्ध

52. अमोनिया, क्षारीय विलयन में, कॉपर आयनों के साथ मिलकर $[Cu(NH_3)_4]^{2+}$ संकुल आयन बनाती है, लेकिन अम्लीय विलयन में नहीं। इसका क्या कारण है [AIEEE 2003]
(a) अम्लीय विलयनों में, जलयोजन, कॉपर आयनों की रक्षा करता है।
(b) अम्लीय विलयनों में, प्रोटॉन, अमोनिया अणुओं के साथ उपसहसंयोजित होकर $NH_4^+$ बनाते हैं एवं $NH_3$ अणु उपलब्ध नहीं होते
